**(GCF–11 & 12, CA FOUNDATION GD & PD)**

**DATE: 11.03.2021** **MAXIMUM MARKS: 100** **TIMING: 2 Hours**

## ECONOMICS AND COMMERCIAL KNOWLEDGE

**All Questions is compulsory.**

(1) निम्न में से कौन से कथन असत्य हैं?
(a) आर्थिक लागतों में फर्म द्वारा स्वामित्वाधीन की अवसर लागत शामिल है
(b) लेखांकन लागतों में शामिल है, केवल स्पष्ट लागतें
(c) आर्थिक लाभ सदैव ही लेखांकन लाभ से अधिक होगा यदि फर्म द्वारा स्वामित्वाधीन तथा प्रयुक्त संसाधनों की कोई अवसर लागत हो।
(d) लेखांकन लाभ कुल आगम घटायें स्पष्ट लागतों के बराबर होता है।

(2) निम्न में से कौनसा कथन सत्य है।
(a) यदि सीमान्त आगम सीमांत लागत से अधिक हो तो फर्म को उत्पादन घटाना चाहिए।
(b) यदि सीमान्त आगम सीमान्त लागत से कम हो तो फर्म को उत्पादन बढ़ाना चाहिए।
(c) आर्थिक लाभ तब अधिकतम होता है जब कुल लागत, कुल आगम के बराबर होता है।
(d) लाभ अधिकतम करण की शर्त है सीमान्त आगम बराबर सीमान्त लागत

(3) इनमें से कौन – सा वाक्य गलत है?
(a) प्रतिस्पर्धी फर्मे मूल्य बनाने वाली होती है ना कि लेने वाली
(b) मूल्य विभेदीकरण केवल एकाधिकार बाजार में ही सम्भव है
(c) द्वैयाधिकार बाजार एकाधिकार बाजार में परिवर्तित हो सकती है
(d) प्रतिस्पर्धी फर्मे कभी भी मूल्य विभेदीकरण नहीं करती है

(4) निम्न में से कौन पूर्ण प्रतियोगिता की एक अनिवार्य शर्त नहीं है।
(a) बड़ी मात्रा में क्रेता या विक्रेता
(b) समान उत्पादन
(c) कीमत पर कोई नियंत्रण नहीं होता
(d) लोचदार मांग वक्र

(5) एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता बाजार पूर्ण प्रतियोगिता से भिन्न है क्योंकि
(a) एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता में फर्म विक्रय लागतें चुकाती हैं
(b) पूर्ण प्रतियोगिता में फर्म उत्पादन विभेदीकरण नहीं करती है
(c) एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता बाजार में नई फर्मो का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित होता है
(d) (ए) और (बी) दोनों

(6) निम्न में से कौनसा कथन असत्य है
(a) एकाधिकारी को भी हानि हो सकती है।
(b) पूर्ण प्रतियोगिता बाजार में फर्म मूल्य स्वीकारक होती है।
(c) एकाधिकार बाजार में मूल्य विभेदीकरण करना एक फर्म के लिए लाभदायी होता है
(d) मोडदार मॉग वक्र एकाधिकार में पाया जाता है।

सारणी की सहायता से (प्रश्न 7 से 10) के उत्तर दीजिये।

| Quantity | AVC | TVC | TC | MC | AFC |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 60 | | |
| 2 | | 36 | | | |
| 3 | | | | 18 | |
| 4 | 20 | | | | |
| 5 | | | 150 | | 8 |

Mittal Commerce Classes

(7) चौथी इकाई की कुल परिवर्तनशील लागत ज्ञात कीजिए।
- (a) 110
- (b) 150
- (c) 120
- (d) 80

(8) चौथी इकाई की सीमान्त लागत ज्ञात कीजिए।
- (a) 10
- (b) 15
- (c) 26
- (d) 40

(9) दूसरी इकाई की औसत परिवर्तनशील लागत ज्ञात कीजिए।
- (a) 18
- (b) 20
- (c) 54
- (d) 36

(10) चौथी इकाई की कुल लागत ज्ञात कीजिए।
- (a) 60
- (b) 76
- (c) 94
- (d) 120

(11) यदि औसत लागत गिर रही है, तो –
- (a) सीमान्त लागत बढ़ रही है।
- (b) सीमान्त लागत घट रही है।
- (c) सीमान्त लागत औसत लागत के बराबर है।
- (d) यह बताना सम्भव नही है कि सीमान्त लागत घट रही है या बढ़ रही है।

(12) निम्न में से कौनसी लागत उत्पादन बढ़ने पर लगातार बढ़ती जाती है ?
- (a) औसत लागत
- (b) सीमान्त लागत
- (c) स्थिर लागत
- (d) परिवर्तनशील लागत

(13) यदि माँग वक्र पूर्णतया लोचदार है और पूर्ति वक्र बायीं ओर परिवर्तित हो जाऐ तो –
- (a) कीमत शून्य हो जाऐगी
- (b) कीमत बढ़ जाऐगी
- (c) कीमत घट जाऐगी
- (d) कीमत पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा

(14) निम्न में से कौनसी एक क्रमवाचक विचारधारा की मान्यता नहीं है–
- (a) उपभोक्ता की पंसद स्थिर रहती है
- (b) उपभोक्ता वस्तु की कुल उपयोगिता को माप सकता है
- (c) उपरोक्त कभी पूर्ण रूप से सन्तुष्ट नहीं होता है
- (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

Mittal Commerce Classes

(15) पैमाने के प्रतिफलों को समझाया जा सकता है :–
- (a) आन्तरिक व बाहरी बचतों से
- (b) आन्तरिक व बाहरी हानियों से
- (c) बाहरी बचतों व आन्तरिक हानियों से
- (d) उपरोक्त सभी

(16) मूल्य विभेद निर्भर करता है :–
- (a) मांग की लोच पर
- (b) पूर्ति की लोच पर
- (c) बाजार के आकार पर
- (d) उपरोक्त सभी

(17) एकाधिकारी द्वारा दो बाजारों में लाभ अधिकतमकरण की शर्त है :–
- (a) $MR = MC_a = MC_b$
- (b) $MC = MR_a = MR_b$
- (c) $AR = MR_a = MR_b$
- (d) इनमें से कोई नहीं

(18) एक एकाधिकारी अपने उत्पाद का मूल्य निर्धारित कर सकता है, परन्तु––––––निर्धारित नहीं कर सकता।
- (a) आगम
- (b) लागत
- (c) पूर्ति
- (d) मांग

(19) यदि फर्म की औसत आगम उसकी औसत लागत से कम परन्तु उसकी औसत परिवर्तनशील लागत से अधिक हो, ता फर्म को––––––––
- (a) उत्पादन बन्द करना चाहिये।
- (b) हानि कम करने के लिए कीमत बढ़ानी चाहिये।
- (c) हानि कम करने के लिए लागत घटानी चाहिये।
- (d) हानि को कम करने के लिए उत्पाद जारी रखना चाहिये।

(20) डम्पिंग किस बाजार से सम्बन्धित है :–
- (a) पूर्ण प्रतियोगिता
- (b) एकाधिकारात्मक प्रतियोगिता
- (c) एकाधिकार
- (d) इनमें से कोई नहीं

(21) शोषण तथा असमानता किस अर्थव्यवस्था में अधिकतम होता है ?
- (a) समाजवाद
- (b) पूंजीवाद
- (c) मिश्रित अर्थव्यवस्था
- (d) इनमें से कोई भी नहीं

(22) मांग पूर्वानुमान में आर्थिक सूचक कहलाते है :–
- (a) बाजार प्रयोग विधि
- (b) वायुदाब मापी विधि
- (c) उपभोक्ता व्यवहार विधि
- (d) प्रमापी विधि

Mittal Commerce Classes

(23) उपभोक्ता की मूल्य रेखा या बजट रेखा होती है :–
- (a) X-अक्ष के समानान्तर
- (b) Y-अक्ष के समानान्तर
- (c) दोनों अक्षों को जोड़ती हुई एक सीधी रेखा
- (d) उपरोक्त में कोई नहीं

(24) ––––––––उपभोक्ता की रूचि व पसन्द को दर्शाता है।
- (a) कीमत रेखा
- (b) औसत लागत वक्र
- (c) उदासीनता मानचित्र
- (d) सीमान्त आगम वक्र

(25) यदि आपको निम्नलिखित आँकड़े दिये जाते है–

| तालिका 1 | |
|---|---|
| Input | कुल लागत |
| 0 | 0 |
| 1 | 15 |
| 2 | 35 |
| 3 | 60 |
| 4 | 92 |
| 5 | 140 |

उपरोक्त आँकड़े एक उदाहरण हैं–
- (a) पैमाने के ह्रासमान प्रतिफल के
- (b) पैमाने के स्थिर प्रतिफल के
- (c) पैमाना के वृद्धिमान प्रतिफल के
- (d) धनात्मक स्थिर लागतों के

(26) निम्नलिखित तालिका प्रदर्शित करती है–

| तालिका 1 | |
|---|---|
| श्रमिकों की संख्या | Output |
| 0 | 0 |
| 1 | 23 |
| 2 | 40 |
| 3 | 50 |

- (a) श्रम का वृद्धिमान सीमान्त उत्पाद
- (b) श्रम का ह्रासमान सीमान्त उत्पाद
- (c) पैमाने के वृद्धिमान प्रतिफल
- (d) पैमाने के ह्रासमान प्रतिफल

(27) एक जूता उत्पादक द्वारा सभी साधनों को 100% बढ़ाये जाने पर यदि उत्पादन में केवल 80% की ही वृद्धि हो, तो वह सामना कर रहा है :–
- (a) पैमाने के वर्द्धमान प्रतिफल
- (b) पैमाने के ह्रासमान प्रतिफल
- (c) पैमाने के समान प्रतिफल
- (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

Mittal Commerce Classes

(28) रेखीय समरूप उत्पादन फलन किसे दर्शाता है :–
- (a) पैमाने के वर्द्धमान प्रतिफल
- (b) पैमाने के ह्रासमान प्रतिफल
- (c) पैमाने के समान प्रतिफल
- (d) इनमें से कोई नहीं

(29) साधनों को एक उद्यमी द्वारा जो असुविधा तथा कष्ट प्राप्त होता है उसको निम्न लागत में देखा जायेगाः
- (a) वास्तविक लागत
- (b) बर्हिमुखी लागत
- (c) सामाजिक लागत
- (d) अर्न्तमुखी लागत

(30) ''मुझे व्यापार में हानि हो रही है, जो कि किराये के कारण है। ऐसे समय में व्यापार बन्द नहीं कर सकता हूं।'' उद्यमी लाभ को बढ़ाने या हानि को कम करने का प्रयास कर रहा हो तोः
- (a) तर्कसंगत है यदि फर्म परिवर्तनशील लागत वसूल कर पा रही हो
- (b) तर्कसंगत है यदि फर्म स्थायी लागत वसूल कर पा रही हो
- (c) तर्कसंगत नहीं है क्योंकि हानि को कम करने के लिए फर्म बन्द करना आवश्यक है
- (d) तर्कसंगत नहीं है क्योंकि यदि फर्म बन्द कर दी जाती है, तो स्थायी लागते कम हो सकती है

(31) दीर्घकाल में:–
- (a) केवल माँग परिवर्तित हो सकती है
- (b) केवल पूर्ति परिवर्तित हो सकती है
- (c) माँग एवं पूर्ति दोनों परिवर्तित हो सकती है
- (d) इनमें से कोई नहीं

(32) बाजार में कीमत तथा उत्पादन का साम्य निर्धारित होता है:
- (a) कुल लागत वक्र व कुल आगम वक्र से
- (b) कुल लागत वक्र और सीमान्त आगम वक्र से
- (c) सीमान्त लागत वक्र और सीमान्त आगम वक्र से
- (d) केवल सीमान्त लागत वक्र से

(33) अर्थशास्त्र अध्ययन है –
- (a) समाज किस प्रकार अपने असीमित संसाधनों का प्रबंध करता है
- (b) अपनी आवश्यकताओं को किस प्रकार कम किया जाये, ताकि वह संतुष्ट हो सके
- (c) समाज किस प्रकार अपने सीमित संसाधनों का प्रबंध करता है
- (d) अपनी सीमित आवश्यकताओं को कैसे पूर्णतः संतुष्ट करना है

(34) यदि माँग––––––––––है तो कीमत घटने पर कुल व्यय––––––––––
- (a) पूर्णतया लोचदार, बढ़ता है
- (b) लोचदार, बढ़ता है
- (c) लोचदार, घटता है
- (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(35) उपयोगिता को नहीं मापा जाता है–
- (a) धन में
- (b) मूल्य में
- (c) सन्तुष्टी
- (d) ए और बी दोनों

Mittal Commerce Classes

(36) यदि किसी वस्तु के उपभोग से उपभोक्ता को 320 संतुष्टी प्राप्त होती है, जबकि उसकी कीमत 180 रुपये है तो उपभोक्ता की बचत होगी–
(a) 180
(b) 200
(c) 140
(d) 500

(37) निम्न में से कौनसा एक उद्यमी का उद्देश्य है :–
(a) आर्थिक उद्देश्य
(b) सामाजिक उद्देश्य
(c) राष्ट्रीय उद्देश्य
(d) उपरोक्त सभी

(38) अर्थशास्त्र में उत्पादन का अर्थ नहीं है :–
(a) उपयोगिता का सृजन
(b) उपयोगिता को बढ़ाना
(c) पदार्थ का सृजन
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(39) सीमान्त लागत में वृद्धि उत्पादन को–––––––है तथा सीमान्त आगम में वृद्धि उत्पादन को–––––––– है।
(a) घटाता है, घटाता है
(b) घटाता है, बढ़ाता है
(c) बढ़ाता है, बढ़ाता है
(d) बढ़ाता है, घटाता है

(40) एक फर्म की मान्यता है कि लागत––––––––है तथा लाभ––––––––है।
(a) चुकाना, की इच्छा
(b) चुकाना, बनाना
(c) चुकाना, कमाना
(d) घटाना, बढ़ाना

(41) अर्थशास्त्र है।
(a) एक सटीक विज्ञान
(b) सटीक विज्ञान नही है
(c) विज्ञान ही नही है
(d) उपरोक्त में से कोई नही

(42) आर्थिक नियम होते है–
(a) सटीक
(b) विशिष्ट मान्यताओं पर आधारित
(c) अनिवार्य
(d) सरकार द्वारा शक्ति से परिवर्तनीय

(43) उदासिनता वक्र बाएं से दायीं की ओर झुकता है जिसमें एक वस्तु ज्यादा तथा दुसरी वस्तु कम उपभोग करते हुए––––––––होता है।
(a) समान संतुष्टि
(b) उच्च संतुष्टि
(c) अधिकतम संतुष्टि
(d) गिरता हुआ व्यय

Mittal Commerce Classes

(44) वह समयावधि जिसमें पूर्ति को बढाया ना जा सकें कहलाती है?
- (a) बाजार अवधि
- (b) अल्पकाल
- (c) दीर्घकाल
- (d) उपरोक्त में से कोई नही

(45) निम्न में से कौनसा कथन असत्य है ?
- (a) सीमान्त उत्पति और औसत उत्पति दोनों कुल उत्पति से ज्ञात किये जा सकते है।
- (b) जब AP वक्र बढ़ता है, तो MP > AP
- (c) जब AP अधिकतम होता है, तब MP = AP
- (d) जब AP गिरता है, तो MP भी गिरता है, लेकिन MP > AP

(46) इस बात का अध्ययन कि कैसे कारपोरेट आयकर की दर में वृद्धियाँ राष्ट्रीय बेरोजगारी की दर को प्रभावित करेंगी एक उदाहरण है :
- (a) व्यापक अर्थशास्त्र का
- (b) विवेचानात्मक अर्थशास्त्र का
- (c) सूक्ष्म अर्थशास्त्र का
- (d) आदर्श मूलक अर्थशास्त्र का

(47) वास्तविक व आदर्श मूलक अर्थशास्त्र में अन्तर है।
- (a) वास्तविक अर्थशास्त्र अर्थव्यवसाय के प्रदर्शन की व्याख्या करता है जबकि आदर्श मूलक अर्थशास्त्र में अर्थव्यवसाय के बुरे प्रदर्शन के कारणों की व्याख्या करता है।
- (b) वास्तविक अर्थशास्त्र अर्थव्यवस्था के वास्तविक तथ्यों की व्याख्या करता है जबकि आदर्श मूलक अर्थशास्त्र इस बात की जॉच करता है अर्थव्यवस्था के लोगों के लिए क्या चीज अच्छी है और क्या बुरी।
- (c) आदर्श मूलक अर्थशास्त्र अर्थव्यवस्था के वास्तविक तथ्यों का अध्ययन करता है जबकि वास्तविक अर्थशास्त्र अर्थव्यवस्था के लिए क्या अच्छा व क्या बुरा है कि व्याख्या करता है।
- (d) इनमें से कोई नहीं।

(48) निम्न में से कौन व्यवसायिक अर्थशास्त्र का अध्ययन क्षेत्र नही है
- (a) पूॅजी बजट
- (b) जोखिम अध्ययन
- (c) व्यापार चक्र
- (d) Accounting Standard (लेखामानक)

(49) एकाधिकार बाजार में सीमान्त आगम सदैव———————
- (a) मूल्य और औसत आगम से अधिक होती है।
- (b) मूल्य के पास समान होती है।
- (c) कभी मूल्य से अधिक तथा कभी कम होती है।
- (d) मूल्य और औसत आगम से कम होती है।

(50) यदि दो वस्तुओं की आड़ी लोच अनन्त हो, तो वे वस्तुऐ है :–
- (a) पूर्णतया पूरक वस्तुऐं
- (b) पूर्णतया स्थानापन्न वस्तुऐं
- (c) असम्बन्धित वस्तुऐं
- (d) कुछ भी कहा नहीं जा सकता

Mittal Commerce Classes

निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़िये तथा प्रश्न 51—52 के उत्तर दिजिए।

राधिका का अपना एक छोटा पेन बनाने का कारखाना है। वह प्रति वर्ष पेन के 1,000 पीस बना सकती है तथा उन्हें प्रत्येक 400 रू. में बेचती हैं। पेन बनाने के 1,000 पीस के उत्पादन के लिए राधिका की कच्चे माल की लागत 35,000 रू. आती हैं। उसने अपने कारखाने व उपकरण में 2,00,000 रू. अपनी बचतों से 1,50,000 रू. तथा 10 प्रतिशत ब्याज पर उधार लेकर 50,000 रू. लगाये हैं (मान लीजिए कि वह 30 प्रतिशत पर अपने धन को उधार भी दे सकती थी)। राधिका प्रति वर्ष 80,000 रू. पर प्रतियोगी पेन बनाने का कारखाने में कार्य कर सकती हैं।

(51) राधिका के पेन बनाने का कारखाने में लेखांकन लाभ है—
(a) 3,00,000 रू.
(b) 4,60,000 रू.
(c) 3,60,000 रू.
(d) 3,75,000 रू.

(52) राधिका के कारखाने में आर्थिक लाभ है—
(a) 3,50,000 रू.
(b) 2,50,000 रू.
(c) 2,35,000 रू.
(d) 2,40,000 रू.

(53) 4 इकाई की कुल लागत ज्ञात कीजिए।

| Units | Total Cost (Rs.) | Marginal Cost (Rs.) |
|---|---|---|
| 2 | 80 | 50 |
| 4 | – | 40 |

(a) 140
(b) 120
(c) 160
(d) 40

(54) जब पूर्ण प्रतियोगी बाजार तथा उद्योग दीर्घकालीन साम्य में हों तो —
(a) P=MR=SAC=LAC
(b) D=MR=SMC=LMC
(c) P=MR=Lower point on the LAC Curve
(d) उपरोक्त सभी

(55) एकाधिकार में, औसत तथा सीमान्त आगम वक्रों के बीच सम्बन्ध निम्नलिखित के रूप में होता है —
(a) AR वक्र MR वक्र के ऊपर रहती है
(b) AR वक्र MR वक्र को स्पर्श करती है
(c) AR वक्र MR वक्र के नीचे रहती है
(d) AR वक्र MR वक्र के समानान्तर होती है

(56) किसी वस्तु की अवसर लागत होती है—
(a) उसे पाने में खोया समय
(b) उस वस्तु की एक और इकाई पाने के लिए त्यागी गई अन्य वस्तु की मात्रा
(c) वस्तु पर व्यय
(d) बचतों का उपयोग करने से ब्याज की हानि

Mittal Commerce Classes

(57) AM, MR तथा माँग की मूल्य लोच के बीच सम्बन्ध होता है –
(a) MR=AR+[e-1/e]
(b) MR=AR x [e-1/e]
(c) AM=MR x [e-1/e]
(d) MR=AR x [e/e-1]

(58) पूर्ण प्रतियोगिता में फर्म का–––––––––(AVC के ऊपर) फर्म के पूर्ति वक्र का समान आकार होता है।
(a) सीमान्त आगम वक्र
(b) सीमान्त लागत वक्र
(c) औसत लागत वक्र
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(59) यदि वस्तु X के लिए माँग वक्र अधोगामी–ढलुँवा है तो मूल्य में कोई वृद्धि उत्पन्न करेगी –
(a) वस्तु X के लिए माँग में कमी
(b) वस्तु के X लिए माँगी गई मात्रा में कोई परिवर्तन नहीं
(c) वस्तु के X लिए माँगी गई अपेक्षाकृत अधिक मात्रा
(d) वस्तु के X लिए माँगी गई अपेक्षाकृत कम मात्रा

(60) कम विक्रेता ने A ने वस्तु X की 400 इकाईयाँ रू. 10 प्रति इकाई पर सप्लाई की A आज विक्रेता A ने 200 इकाई की रू. 5 प्रति पर सप्लाई किया। इस साक्ष्य के आधार पर, विक्रेता A ने अनुभव किया –
(a) पूर्ति में कमी
(b) पूर्ति में वृद्धि
(c) सप्लाई की गई मात्रा में वृद्धि
(d) सप्लाई की गई मात्रा में कमी

(61) बाजार का अध्ययन करने के लिए निम्न में से किस घटक पर विचार किया जाता है।
(a) बाजार की परिपक्वता
(b) बाजार की लागत संरचना
(c) बाजार की मूल्य संवदेनशीलता
(d) उपरोक्त सभी

(62) वे वस्तुऐं जिन्हें इलेक्ट्रॉनिक प्रारूप में इस्तेमाल किया जाता है, कहलाती है :–
(a) उपभोक्ता वस्तुऐं
(b) पूंजीगत वस्तुऐं
(c) डिजिटल वस्तुऐं
(d) इनमें से कोई नहीं

(63) वह दर जिस दर पर केन्द्रीय बैंक द्वारा वाणिज्यिक बैंकों के बिलों का बट्टा किया जाता है :–
(a) बैंक दर
(b) नगद रिजर्व अनुपात
(c) वैधानिक तरलता अनुपात
(d) इनमें से कोई नहीं

(64) भारत में निम्न में से किसमें विदेशी प्रत्यक्ष निवेश की आज्ञा नहीं है ?
(a) चिट फण्ड
(b) स्थिर सम्पत्ति
(c) सिगरेट निर्माण
(d) उपरोक्त सभी

Mittal Commerce Classes

(65) निम्न में से कौनसा कथन हिन्दु अविभाजित परिवार व्यवसाय को सही परिभाषित करता है।
- (a) व्यवसाय का यह तरीका केवल भारत में ही प्रचलित है
- (b) सभी पारिवारिक व्यवसाय हिन्दु अविभिाजित परिवार व्यवासय होते है
- (c) हिन्दु अविभाजित परिवार व्यवसाय में केवल परिवार के सदस्य ही शामिल होते है
- (d) (a) व (c) दोनों

(66) निम्न मे से कौनसी व्यवसायिक पर्यावरण की विशेषता है
- (I) पर्यावरण स्थैतिक है
- (II) पर्यावरण गत्यात्मक है
- (III) पर्यावरण एक मुश्किल अवधारणा है और इसके कई पहलू है।
- (IV) इसकी पहुॅच अल्पकालीन है

Options
- (a) Point I & III
- (b) Point I, II & III
- (c) Point II & IV
- (d) Point II & III

(67) किस दवा निर्माता कम्पनी का स्लोगन है ''Caring for life”
- (a) डा रेड्डी
- (b) लुपिन
- (c) सिपला लि.
- (d) उपरोक्त में से कोई नही

(68) सार्वजनिक नितियां सदैव————————होती है
- (a) लक्ष्य आधारित
- (b) अल्पपरिभाषित
- (c) अमीरों के लिए
- (d) गरीबों के लिए

(69) वह FDI जिसके लिये सरकार या RBI से अनुमति लेने की आवश्यकता नही है वह है।
- (a) ग्रीन चैनल
- (b) प्राथमिक मार्ग
- (c) गैर व्यवसायिक मार्ग
- (d) स्वचालित मार्ग

(70) कौनसी वैधानिक संस्था सेबी से पहले वित्तीय मामलों को नियंत्रित करती थी
- (a) Controller of capital issued
- (b) RBI
- (c) IRDAI
- (d) भारत सरकार

(71) वाणिज्यिक जागरूकता में शामिल है–
- (a) व्यवसाय कैसे पैसे कमाता है
- (b) ग्राहक क्या चाहते है
- (c) व्यवसाय के विशेष क्षेत्रों में क्या समस्याऐं हैं
- (d) उपरोक्त सभी

Mittal Commerce Classes

(72) HUF के होते हैं–
- (a) सभी व्यक्तियों तथा अविवाहित बेटियों सहित एक सामान्य पूर्वज के वंशज हैं
- (b) पत्नियों और अविवाहित बेटियों को छोड़कर, सभी व्यक्ति एक सामान्य पूर्वज से वंशज हैं
- (c) सभी पुरुष सदस्य एक सामान्य पूर्वज से वंशज थे
- (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(73) आयकर अधिनियम के तहत, A HUF इससे आय अर्जित नहीं कर सकता है:
- (a) घर की संपत्ति
- (b) वेतन
- (c) मुनाफे
- (d) अन्य स्त्रोत

(74) .––––––––एक प्रक्रिया है जिसके द्वारा एक फर्म या संगठन अपने सम्बन्धित पर्यावरण का अध्ययन करके अवसरों व खतरों की जॉच कर सकते है जो की उनके व्यवसाय को प्रभावित कर सकते है।
- (a) पूर्वानुमान
- (b) मूल्याकन
- (c) अवलोकन
- (d) उपरोक्त में से कोई नही

(75) बिजनेस एनवायरनमेंट–––––––––का प्रतिनिधित्व करता है जो फर्म द्वारा लिए गए व्यावसायिक निर्णयों पर कुछ हद तक प्रभाव डालता है।
- (a) आंतरिक बल
- (b) बाहरी बल
- (c) वित्तीय बल
- (d) राष्ट्रीय बल

(76) निम्नलिखित में से कौन व्यावसायिक पर्यावरण की विशेषता नहीं रखता है?
- (a) उत्पादन के तरीके
- (b) जटिलता
- (c) अनिश्चितता
- (d) सापेक्षता

(77) किस प्रकार के उद्यम को पर्यावरण की चिंता करने की आवश्यकता नहीं है?
- (a) छोटे उद्यम
- (b) मालिकाना फर्म
- (c) माइक्रो एंटरप्राइजेज
- (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(78) संगठन के पर्यावरण के खतरों और अवसरों का विश्लेषण करने की प्रक्रिया को निम्नानुसार वर्गीकृत किया गया है–
- (a) पर्यावरणीय प्रभाव
- (b) पर्यावरण अर्थशास्त्र
- (c) पर्यावरण नियोजन
- (d) पर्यावरणीय स्कैनिंग

Mittal Commerce Classes

(79) बाहरी पर्यावरणीय स्कैनिंग में, कर विधान, सामाजिक सुरक्षा विधान और कर प्रावधानों को इस प्रकार वर्गीकृत किया गया है–
- (a) भौगोलिक प्रभाव
- (b) सरकारी प्रभाव
- (c) आर्थिक प्रभाव
- (d) तकनीकी प्रगति

(80) तात्कालिक वातावरण जिसके साथ फर्म संचालित होती है –
- (a) सूक्ष्म पर्यावरण
- (b) व्यापक पर्यावरण
- (c) बाहरी वातावरण
- (d) परिधीय पर्यावरण

(81) बहुराष्ट्रीय कंपनियों को अपने परिचालन को उन राष्ट्रों की––––––––के अनुसार संरेखित करना पड़ता है, जहां से वे काम करते हैं–
- (a) सरकार की नीति
- (b) सार्वजनिक नीति
- (c) व्यापार नीति
- (d) बाजार नीति

(82) गैब्रियल आलमंड ने एक के विचार को लोकप्रिय बनाया
- (a) राजनीतिक संस्कृति
- (b) सामाजिक संस्कृति
- (c) राजनीति–नीति संबंध
- (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(83) वह प्रक्रिया जिसके द्वारा एक विधायी प्रस्ताव को एक कानून बनाने वाली संस्था के समक्ष लाया जाता है और फिर भूमि के कानून में अनुवादित किया जाता है–
- (a) पॉलिसी प्रारूपण
- (b) कानून बनाना
- (c) कानून पेश करना
- (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(84) एक विदेशी प्रत्यक्ष निवेशक कौन नहीं हो सकता है?
- (a) सरकारें या सरकारी एजेंसियां,
- (b) संपदा, ट्रस्ट या अन्य संगठन,
- (c) असिंचित निजी या सार्वजनिक उद्यम
- (d) उपरोक्त में से कोई नहीं

(85) निम्नलिखित में से कौन सा कथन FPI के बारे में सही नहीं है–
- (a) प्रकृति में सट्टा
- (b) जिस देश में निवेश होता है, वहां के आउटपुट, रोजगार, वेतन स्तर आदि में वृद्धि
- (c) प्रबंधन या नियंत्रण में कोई रुचि नहीं
- (d) नाममात्र की पूंजी में निवेश का गठन

Mittal Commerce Classes

(86) ————————नीति का उद्देश्य औद्योगिक विकास, और संबंधित उद्देश्यों को गति देने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में विदेशी निवेश की आमद को विनियमित करना है।
(a) राजकोषीय
(b) मुद्रा
(c) विदेशी निवेश
(d) दोनों (ए) और (सी)

(87) आर.बी.आई. के संबंध मे कौनसा कथन असत्य है—
(a) यह सरकार व बैंको के लिए कार्य करता है
(b) यह देश में मौद्रिक स्थिरता और देश में कीमत स्थिरता को बनाऐ रखता है
(c) इसका एक उद्देष्य देश में अंशधारकों के हितो की रक्षा करना है
(d) भारतीय रिजर्व बैंक देश में मुद्रा निर्गमित करने वाली प्रमुख

(88) बडी संस्था में स्वयं सहायता समूह ऋण सेवा के साथ जुडे है जो की भारत में सूक्ष्म ऋण के प्रमुख स्त्रोत के रूप में व्यर्थ कर रहे है। यह किसकी देन है—
(a) नाबार्ड
(b) सिडबी
(c) आई.डी.बी.आई
(d) सेबी

(89) निम्न में से कौनसा कथन असत्य है—
(a) सेबी में एक चैयरमैन होता है जो की केन्द्र सरकार द्वारा नियुक्त किया जाता है।
(b) सेबी में दो सदस्य केन्द्रीय सरकार के मंत्रालय मे से नियुक्त किए जाते है।
(c) सेबी में एक सदस्य आर.बी.आई. द्वारा अपने ही कर्मचारियों मे से एक नियुक्त किया जाता है।
(d) सेबी में पॉच अन्य सदस्य नियुक्त किये जाते है जिनमे से 4 सदस्य पूर्णकालिक सदस्य होते है जिसे केन्द्र सरकार द्वारा नियुक्त किया जाता है।

(90) निम्न में से कौनसा कार्य भारतीय प्रतियोगिता आयोग का नहीं है
(a) ऐसे कार्यो को प्रोत्साहित करना जो भारत में प्रतियोगिताको हानि पहुचाते हो
(b) बाजारों में प्रतियोगिता को बढावा देना
(c) उपभोक्ता के हितो की रक्षा करना
(d) व्यापार की स्वतंत्रता को बनाये रखना

(91) भारतीय औद्योगिक वित्तीय संस्थान (IFCI) की स्थापना कब हुई
(a) 1945
(b) 1946
(c) 1947
(d) 1948

(92) B2B का अर्थ है—
(a) उपभोक्ता के खरीदने का वह तरीका जहॉ पर वह यह तय करता है उसे क्या चीजे खरीदनी है और क्या नही
(b) एक कम्पनी द्वारा अपना उत्पाद को बेचने की रणनीति
(c) एक व्यवसाय से दूसरे व्यवसाय के बीच मार्केटिंग गतिविधियॉ
(d) उपरोक्त में से कोई नही

Mittal Commerce Classes

(93) भारत में ITC के शैक्षणिक व स्टेशनरी उत्पादन किस नाम से बेचे जाते है।
- (a) केमल
- (b) अफ्सरा
- (c) नटराज
- (d) क्लासमेंट

(94) आयातों के संबंध में व्यापारिक प्रतिबंधो को समाप्त करना कहलाता है–
- (a) वैश्वीकरण
- (b) निजीकरण
- (c) विनिवेश
- (d) समेकन

(95) यदि वर्तमान बैंक दर 9 प्रतिशत हैं और RBI ने 10 आधार अंकों की कमी की है, तो नई दर होगी–
- (a) 8 प्रतिशत
- (b) 8.10 प्रतिशत
- (c) 9.10 प्रतिशत
- (d) 8.90 प्रतिशत

(96) Power System Operation Corporation Limited किस कम्पनी की सहायक कम्पनी है ?
- (a) ONGC
- (b) Power Grid
- (c) IOC
- (d) NTPC

(97) पर्यावरण में बदलाव –
- (a) फर्मो द्वारा सदैव स्वीकार किया जाता है
- (b) फर्मो द्वारा सदैव नकार दिया जाता है
- (c) फर्म के लिए कभी–कभी अवसर और कभी–कभी खतरा उत्पन्न करता है
- (d) इनमें से कोई नहीं

(98) निम्नलिखित कथन पर्यावरण से किस रणनीतिक प्रतिक्रिया दृष्टिकोण से सम्बन्धित है, वे उस माहौल में हुए बदलावों की निगरानी करना चाहते है, अपने लक्ष्यों और गतिविधियों पर उनके प्रभाव का विश्लेषण करना चाहते है और जीवित रहने, स्थिरता और ताकल के लिए विशिष्ट रणनीतियों के संदर्भ में उनके मूल्यांकन का अनुवाद करना चाहते है।
- (a) सावधानी के साथ आगे बढ़ना
- (b) न्यूनतम प्रतिरोध
- (c) गत्यात्मक प्रतिक्रिया
- (d) स्थिर प्रतिक्रिया

(99) David Easton ने राजनीतिक नीति निर्माण के लिए एक मॉडल दिया था, जो कि जाना जाता है :–
- (a) Feedback
- (b) Black Box Model
- (c) White Box Model
- (d) (a) तथा (b) दोनों

Mittal Commerce Classes

(100) कृषि ऋणों को माफ करना किस प्रकार की नीति है ?
- (a) नियामक नीति
- (b) सुविधा नीति
- (c) प्रतिबन्धात्मक नीति
- (d) वितरण नीति

—**—

Mittal Commerce Classes